# द्वितीय भाषा हिंदी, दसवीं कक्षा मॉडल पेपर

## B. द्वितीय भाषा - हिंदी - दसवीं कक्षा

## पब्लिक परीक्षा - 2021 - प्रश्न पत्र निर्माण

## मार्गदर्शक

- द्वितीय भाषा हिंदी Text Book में कुल 12 पाठ, 4 उपवाचक पाठ हैं। इनमें 9वाँ 'दक्षिणी गंगा गोदावरी' 11वाँ 'जल ही जीवन है' उपवाचक 'अपने स्कूल को एक उपहार' पाठों की 2021 दसवीं कक्षा पब्लिक परीक्षा के लिए **छूट दी गई है।** इसीलिए शेष पाठों के आधार पर प्रश्न पत्र का निर्माण किया जाय।
- PART 'A' के प्रश्न, PART 'B' के प्रश्न कोविड - 19 के कारण सुनिश्चित किये गये पाठों से दिये जायें।
- सरकारी आदेश मेमो संख्या 777/SE.Prog.II/A1/2021 के आधार पर प्रश्नपत्र भार पात में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं रहेगा। विद्यार्थियों पर बोझ न हो इसीलिए प्रश्न संख्या बढ़ा कर अधिक 'विकल्प' दिये गये हैं।
- CCE के मार्गदर्शकों का पालन करते हुए प्रश्नों का निर्माण दक्षतावार भारपात व प्रश्नों के स्वभाव के आधार पर किया जाय।

**दक्षतावार भारपात - प्रश्न - अंक विवरण**

| | |
|---|---|
| I. अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया | 20 अंक |
| II. स्वरचना | 4 x 4 = 16 अंक (लघु प्रश्न) |
| | 2 x 8 = 16 अंक (निबंधात्मक प्रश्न) |
| III. सृजनात्मक अभिव्यक्ति | 1 x 8 = 8 अंक |
| IV. शब्द भंडार | 10 x1 = 10 अंक |
| V. व्याकरणांश | 10 x1 = 10 अंक |
| कुल | 80 अंक |

## दक्षतावार प्रश्नों और अंकों का विवरण:

1. अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया - 20 अंक

| अंश | अंक | टिप्पणी/विवरण |
|---|---|---|
| 1. पठित गद्यांश | 5 अंक (5 x 1 = 5 अंक) | • उपवाचक पाठों से दिया जाये।<br>• उसके आधार पर अर्थग्राह्यता से संबंधित 5 प्रश्न दिये जाये।<br>• प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक के आधार पर कुल 5 अंक निर्धारित हैं। |
| 2. पठित पद्यांश | 5 अंक | • दिये गये पद्य भाग- (1. बरसते बादल 3. माँ मुझे आने दे 4. कण-कण का अधिकारी) से तीन प्रश्न दिये जायें।<br>• इनमें से किसी एक पद्यांश के 5 प्रश्नों के उत्तर लिखने होंगे। |
| 3. अपठित गद्य | 5x2 = 10 अंक | • अपठित गद्यांश दिया जाय।<br>• इसके आधार पर अर्थग्राह्यता से संबंधित 5 प्रश्न दिये जायें।<br>• प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक, कुल मिलाकर 10 अंक निर्धारित हैं। |

2. अभिव्यक्ति सृजनात्मकता - 40 अंक

| | अंश | अंक | टिप्पणी/विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | स्वरचना<br>अ) लघु उत्तरात्मक प्रश्न | (4 x 4 = 16 अंक) | • कोविड - 19 के कारण सुनिश्चित पाठों से 8 प्रश्न दिये जायें। इनमें से '4' प्रश्नों के उत्तर लिखना होगा ।<br>• '8' प्रश्न क्रम में दिये जायें।<br>• कवि/लेखक से संबंधित '2' प्रश्न दिये जायें। 3 प्रश्न गद्य भाग से, शेष '3' प्रश्न पद्य भाग पाठों से दिये जायें। इस प्रकार कुल '8' प्रश्न क्रमानुसार दिये जायें।<br>• प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक के आधार पर कुल 16 अंक निर्धारित हैं। |
| | आ) निबंधात्मक प्रश्न | 2x8=16 अंक | • कोविड - 19 के कारण सुनिश्चित किए गए गद्य-पद्य पाठों से ही प्रश्न दिये जायें। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | • गद्य पाठों के आधार पर '3' प्रश्न दिये जायें। इनमें से एक प्रश्न का उत्तर लिखना है।<br>• इसी प्रकार कविता/पद्य भाग से '3' प्रश्न दिये जायें। इनमें से एक प्रश्न का उत्तर लिखना है।<br>• उपर्युक्त प्रत्येक प्रश्न के लिए '8'अंक के आधार पर 2 प्रश्नों के लिए कुल 16 अंक निर्धारित हैं। |
| 2. | सृजनात्मक अभिव्यक्ति | 1x8 = 8 अंक | • कोविड - 19 के कारण सुनिश्चित किये गये पाठों में निहित सृजनात्मक प्रश्नों के आधार पर 3 प्रश्न दिये जायें। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है। इसके लिए 8 अंक निर्धारित हैं। |

3. भाषा की बात - 20 अंक

| | अंश | अंक | टिप्पणी/विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | शब्द भंडार | (10 x 1 = 10 अंक) | • कोविड - 19 के कारण सुनिश्चित किये गये पाठों से शब्द भंडार से संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्न दिये जायें।<br>• प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक, कुल मिलाकर 10 अंक निर्धारित हैं। |
| 2. | व्याकरण | (10x1 = 10 अंक) | • कोविड - 19 के कारण सुनिश्चित पाठों से व्याकरणांश संबंधी प्रश्न दिये जायें।<br>• प्रत्येक प्रश्न के 1 अंक, कुल मिलाकर 10 अंक निर्धारित हैं।<br>• ये प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्नों के रूप में दिये जाय। |
| सूचना:-<br>• प्रश्न सरल व अर्थपूर्ण हों।<br>• वाक्य निर्माण, शब्द भ्रांतिपूर्ण न हों।<br>• अक्षर दोष, वर्तनी दोष न हों।सूचनाएँ स्पष्ट व बोधगम्य हो।<br>• उत्तर की लंबाई, समय को दृष्टि में रखकर प्रश्न तैयार किये जाये। | | | |

# MODEL QUESTION PAPER

HINDI

(Second Language)

Class: **X** Max.Marks:8**0**

Time:3.15 hrs.

---

**General Instructions:**

i. Read the question paper carefully and understand.
ii. Answer the questions under Part-A in the answer sheet provided
iii. Write the answer to the questions under Part-B in the space provided and attach it to the Part-A answer sheet.

## PART-A

**Time:2.45 hrs.** **Marks:60**

I. प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

अ. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।

(5 x 1 = 5)

बात उन दिनों की है जब बालक अंबेडकर अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी कर माध्यमिक शिक्षा के लिए हाईस्कूल में दाखिल हुए। एक दिन आप अपने भाई के साथ जा रहे थे। रास्ते में प्यास लगी। एक घर के पास गये और पानी माँगा। उस घर के मालिक ने कहा, 'तुम अछूत हो। हम तुम को पानी नहीं पिला सकते। उसने अपने घर वालों को भी पानी देने से मना कर दिया और दरवाजा बंद कर दिया। दरवाजे के बंद होते ही अंबेडकर को वह मार्ग मिल गया जहाँ अस्पृश्यता और असमानता मिटाकर एक नव समाज की प्रतिष्ठापना कर सकते है।

20 वीं शताब्दी के श्रेष्ठ चिंतक, ओजस्वी लेखक तथा यशस्वी वक्ता एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि मंत्री डॉ. भीमराव रामजी अंबेड्कर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महाराष्ट्र प्रांत के रत्नगिरि ज़िले के अंबेवाड़ा गाँव में हुआ। आपकी माता भीमाबाई और पिता रामजी मालोजी सकपाल थे।

1. गद्यांश के आरंभ में बतायी गयी घटना कब घटी?
2. अंबेड्कर ने क्या माँगा था?
3. घर के मालिक ने पानी क्यों नहीं दिया?
4. अंबेड्कर को कौनसा मार्ग मिल गया?
5. अंबेड्कर का जन्म कहाँ हुआ था?

आ. **निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।** **(5x2=10)**

सुभाषचंद्र बोस की मातृभाषा बंगाली थी। वे हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने के पक्षधर थे। उन्हेंने 29 सितंबर 1928 को कलकत्ता के काँग्रेस अधिवेशन के राष्ट्रभाषा सम्मेलन में स्वागत समिति के अध्यक्ष पद से अपने ये विचार प्रकट किये थे-

"शायद हम में कुछ ऐसे लोग हैं जिन्हें इस बात का डर है कि हिंदी वाले हमारी मातृभाषाओं के स्थान पर हिंदी रखना चाहते हैं। यह निराधार भ्रम है। हिंदी का प्रचार केवल इस लिए हैं कि आजकल जो काम अंग्रेज़ी से लिया जाता है वह आगे चलकर हिंदी से लिया जाए। अपनी माता से बढ़कर मातृभाषा ज्यादा प्यारी होती है। उसे हमें कदापि नहीं छोड़ना चाहिए किंतु भारत के विभिन्न प्रांतों के भाइयों से संपर्क और बातचीत के लिए हिंदी या हिंदुस्तानी तो सीखनी ही चाहिए।"

6. सुभाषचंद्र बोस की मातृभाषा क्या थी?

7. बोस को किस समिति का अध्यक्ष बनाया गया था?

8. बोस ने किस निराधार भ्रम की बात की है?

9. हिंदी या हिंदुस्तानी क्यों सीखनी चाहिए?

10. काँग्रेस अधिवेशन कब आयोजित हुआ था।

**इ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए।** **(5x1=5)**

11. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।

एक मनुज संचित करता है,
अर्थ पाप के बल से,
और भोगता उसे दूसरा,
भाग्यवाद के छल से।
नर समाज का भाग्य एक है,
वह श्रम, वह भुजबल है,
जिसके सम्मुख झुकी हुई......
पृथ्वी, विनीत नभ-तल है।
जिसने श्रम-जल दिया उसे
पीछे मत रह जाने दो,
विजीत प्रकृति से पहले
उसको सुख पाने दो॥

A. यह पद्यांश किस कविता से लिया गया है?

B. नर समाज का भाग्य क्या है?

C. किसने पृथ्वी और आकाश पर विजय प्राप्त की है?

D. पहले सुख पाने का अधिकार श्रम करने वालों को क्यों मिलना चाहिए?

E. पद्यांश किस वर्ग के लोगों के बारे में है?

12. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।

दादुर टर-टर करते झिल्ली बजती झन-झन,
’म्यव-म्यव’ रे मोर, ’पीउ’ ’पीउ’ चातक के गण।
उड़ते सोन बालक, आर्द-सुख से कर क्रंदन,
घुमड़-घुमड़ गिर मेघ गगन में भरते गर्जन।

A. दादुर क्या करते हैं?

B. आर्द सुख से क्रंदन कौन कर रहा है?

C. मेघ कैसे गर्जन करते है?

D. मेघ कहाँ गर्जन कर रहे हैं?

E. उपर्युक्त पद्यांश कौनसे पाठ से लिया गया है?

13. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।

माँ मुझे आने दे, डर मत आने दे।
फैलूँगी तेरे आँगन में हरियाली बनकर
लिपटूँगी तेरे आँचल में खुशबू बनकर
मेरी किलक और ठुमकते कदमों में
घर का सन्नाटा बिखर जाएगा
जो पसरा है पिता के दंभ
भाई की उद्दंडता के कारण सदियों से।

A. यह पद्यांश कौनसे पाठ से लिया गया है?

B. लड़की माँ से क्या कह रही है?

C. वह हरियाली बनकर कहाँ फैलना चाहती है?

D. घर में क्या फैला है?

E. भाई कैसा है?

**II. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4x4=16)**

14. सुमित्रानंदन पंत के जीवन और साहित्य पर प्रकाश डालिए।

15. प्रेमचंद का परिचय अपने शब्दों में लिखिए।

16. देश से भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए छात्रों का क्या योगदान हो सकता है?

17. हामिद के स्थान पर यदि आप होते तो चिमटे के बदले में क्या खरीदते?

18. लक्ष्मी बाई स्वराज्य की नींव का पत्थर क्यों बनना चाहती है?

19. 'माँ मुझे आने दे' कविता में किस समस्या का उल्लेख किया गया है?

20. रहीम के अनुसार सच्चा मित्र कौन है?

21. बिहारी ने 'कनक-कनक' में क्या अंतर बताया है?

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। (1x8=8)**

22. बरसते बादल कविता में किस प्रकार प्रकृति का वर्णन किया गया है?

23. रैदास और मीरा बाई की भक्ति में अंतर क्या है?

24. कण-कण का अधिकारी कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है?

**IV किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए। (1x8=8)**

25. टेसी थॉमस के जीवन से हमें कैसी प्रेरणा मिलती है?

26. आज अनेक मनोरंजन के साधनों के बीच लोकगीतों का क्या महत्व है?

27. 'अंतर-राष्ट्रीय स्तर पर क्या हिंदी अंग्रेज़ी का स्थान ले सकती है।' अपने विचार व्यक्त कीजिए।

V **किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए।** **(1x8=8)**

28. एक नवीन दुपहिया वाहन का विज्ञापन तैयार कीजिए।

29. 'दहेज प्रथा के दुष्परिणाम' के विषय पर एक निबंध लिखिए।

30. कोविड - 19 के सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुकता उत्पन्न करते हुए पोस्टर तैयार कीजिए।

# MODEL QUESTION PAPER

HINDI

(Second Language)

Part A & B

Time : 30 minutes Marks : 20

Instructions:-

1. Answer all the questions of part-B on the question paper itself and attach it to the answer book let 'Part A'.
2. Candidates must use CAPITAL LETTERS (A,B,C, OR D) while answering the Multiple Choice Questions.

---

## PART - B

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तरों के अक्षर दिये गये कोष्ठक में लिखिए। (20x1=20)**

1. स्त्रियाँ जल भरी गगरी लेकर जा रही हैं। ( )
(रेखांकित शब्द के सही पर्याय पहचानिए)
(A) धरती, भूमि (B) चंद्र, शशि (C) नीर, पानी (D) सूर्य दिनकर

2. आपके आते ही वातावरण शांत हो गया।
(रेखांकित शब्द का विलोम पहचानिए।)
(A) विश्राम (B) अशांत (C) प्रशांत (D) आश्रम

3. शोभा एक सुप्रसिद्ध पत्रकार है। ( )
(रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए।)
(A) ध (B) स्तुप्र (C) प्र (D) सु

4. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द पहचानिए। ( )
(A) वर्तमान (B) वारतमान (C) वरतमान (D) वर्तमन

5. यात्रा के बीच-बीच में तालाब भी मिलते हैं। ( )
(पुनरुक्त शब्द पहचानिए)
(A) यात्रा (B) बीच (C) तालाब (D) भी

6. बेमेल शब्द पहचानिए। ( )
(A) कहानी (B) कविता (C) पाठशाला (D) एकांकी

7. पूरब से आती ठंडी हवाएँ <u>शीतलता</u> पहुँचाती है। ( )
(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए।)
(A) बादल (B) ठंडक (C) पवन (D) पानी

8. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने के लिए कुछ छात्र जी-जान लगा देते है। ( )
(वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे का भाव पहचानिए।)
(A) भरपूर प्रयत्न करना (B) ध्यान देना
(C) समय देना (D) डरना

9. 'जानने की इच्छा रखने वाला'। ( )
(इसके लिए एक शब्द पहचानिए।)
(A) इच्छुक (B) जानलेवा (C) सीखने वाला (D) जिज्ञासु

10. परीक्षा की चिंता में रात भर <u>नींद</u> नहीं आयी। ( )
(रेखांकित शब्द का तत्सम पहचानिए।)
(A) नदी (B) नृत्य (C) निद्रा (D) नाश्ता

11. 'शेर जंगल में रहता है।' (रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार पहचानिए।) ( )
(A) मिश्र (B) सरल (C) साधारण (D) संयुक्त

12. हमने पाठशाला में हिंदी दिवस मनाया। (काल पहचानिए।) ( )
(A) भविष्य काल (B) संभावित भविष्य काल (C) वर्तमान काल (D) भूतकाल

13. मैंने <u>सैनिकों</u> को लौटने का आदेश दिया। (रेखांकित शब्द का वचन बदलिए।) ( )
(A) सैनिक (B) सैनिका (C) सैनिकी (D) सैनिके

14. <u>'रेलयात्रा'</u> बड़ी आनंदमय होती है। (रेखांकित शब्द का विग्रह कीजिए।) ( )
(A) रैल जैसी यात्रा (B) रेल द्वारा यात्रा
(C) रेल की यात्रा (D) यात्रा की रेल

15. <u>'भ्रष्टाचार'</u> के विरुद्ध आंदोलन चलाया जाना चाहिए। ( )
(रेखांकित शब्द का सही संधि विच्छेद पहचानिए।)
(A) भ्रष्ट+आचार (B) भ्राष्टा+चार (C) भ्र + ष्टाचार (D) भ्रष्टाच+आर

16. शुद्ध वाक्य पहचानिए। ( )
(A) पशु-पक्षियों की भी भाषा होती है।
(B) पशु-पक्षियों के भी भाषा होते हैं।
(C) पशु-पक्षियों को भी भाषाएँ होते हैं।
(D) पशु-पक्षियों के भी भाषाएँ होती हैं।

17. काला घोड़ा दौड़ रहा है। ( )

(रेखांकित शब्द का शब्द भेद पहचानिए।)

(A) क्रिया (B) विशेषण (C) संज्ञा (D) सर्वनाम

18. आप किस कक्षा .................. पढ़ते हैं? ( )

(उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(A) से (B) को (C) ने (D) में

19. अध्यापक ने हिंदी पढ़ायी है। ( )

(रेखांकित शब्द का स्त्री लिंग पहचानिए।)

(A) अध्यापिका (B) अध्यापके (C) अध्यापन (D) अध्यापकी

20. मैं भारत देश का निवासी हूँ। ( )

(इस वाक्य का सही प्रश्न पहचानिए)

(A) आप कहाँ देश के निवासी हैं? (B) आप कब देश के निवासी हैं?

(C) आप क्यों देश के निवासी हैं? (D) आप किस देश के निवासी हैं?